तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर, 2025

12 ई पत्रिका शुरू करने वाला अंबाला राज्य का प्रथम जिला



12 दो महीने से सफाई कर्मियों को नहीं मिला वेतन



## खबर संक्षेप

### घायल महिला की मौत ट्रैक्टर चालक पर केस

**पानीपत।** इसराना थाना पुलिस ने परढाना गांव स्थित ईको ग्रीन फैक्ट्री में ट्रैक्टर से कुचलकर काल का ग्रास बनी रोशनी देवी पत्नी रामकरण निवासी गांव सींक जिला पानीपत के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर, पुलिस ने रोशनी देवी का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और पति रामकुमार की शिकायत पर ट्रैक्टर के चालक नरेंद्र निवासी जिला जींद पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार, केस दर्ज

**पानीपत।** पुलिस ने चौटाला रोड पर अजय पुत्र बलवान निवासी जवाहरा सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी अजय को अवैध हथियार रखने का शौक है। वहीं, बरामद हथियार अजय ने पानीपत के गांव परढाना निवासी संजीत से लिया था। आरोपी संजीत हत्या के मामले में पानीपत जेल में बंद है।

### मिड डे मील वर्कर्स ने प्रदर्शन का नोटिस सौंपा

**कैथल।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उप अधीक्षक के माध्यम से 6 अक्तूबर के जिला स्तरीय प्रदर्शन का नोटिस सौंपा। बताया कि समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तमाम मिड डे मील वर्कर्स राज्य कमेटी के आह्वान पर 6 अक्तूबर को दोपहर 2 बजे से लेकर 4 बजे तक प्रदर्शन करेंगे।

# जीएसटी में बदलाव होने से व्यापारी और ग्राहक दोनों खुश, बाजार में लौटी रौनक

## पूर्व मंत्री ने मनियारी मार्केट का दौरा किया सुनी मन की बात

*अंबाला शहर की प्रसिद्ध मनियारी मार्केट में दुकानदार बोले, मोदी सरकार में व्यापार और व्यापारी दोनों सुरक्षित, जीएसटी में बदलाव ऐतिहासिक कदम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मंगलवार को अंबाला शहर की प्रसिद्ध मनियारी मार्केट का दौरा किया। यहां उन्होंने दुकानदारों व ग्राहकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों पर विस्तार से चर्चा की।

मार्केट के व्यापारी और दुकानदारों ने पूर्व मंत्री असीम गोयल से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलाव ऐतिहासिक और स्वागत योग्य कदम है। इससे न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिली है बल्कि ग्राहकों को भी सीधा फायदा हुआ है। बदलते टैक्स ढांचे के चलते व्यापार आसान हुआ है और ग्राहकों को भी पहले से सस्ती दरों पर सामान उपलब्ध हो रहा है।

■ अब सिस्टम सरल और पारदर्शी हो गया

### गुलाब भेंट कर संवाद

पूर्व मंत्री ने दुकानदारों को गुलाब के फूल भेंट कर संवाद की शुरुआत की। उन्होंने प्रत्येक व्यापारी से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनकी राय जानी। दुकानदारों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार और व्यापारी दोनों सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब न तो इंस्पेक्टर राज है और न ही जगह-जगह टैक्स वसूली का झंझट। सरकार के इस कदम ने व्यापार को नई ऊर्जा प्रदान की है। चाहे मैन्युफेक्चरिंग कोस्ट हो या सामान खरीदने बेचने की बात हो। टैक्स कम होने से व्यापारियों को काफी लाभ मिल रहा है। व्यापारियों ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद मार्केट में रौनक बढ़ी है। ग्राहक भी संतुष्ट हैं और व्यापारी भी खुले मन से व्यापार कर पा रहे हैं। अब सिस्टम सरल और पारदर्शी हो गया है।

असीम गोयल ने दुकानदारों से कहा कि भाजपा सरकार हमेशा व्यापारी और ग्राहक दोनों के हितों के लिए काम करती रही है।



अंबाला। मनियारी मार्केट में दुकानदारों से बातचीत करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### बौखलाहट में कांग्रेस कर रही दुष्प्रचार

*मार्केट में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बौखलाहट में तरह-तरह का दुष्प्रचार कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि कांग्रेस के राज में व्यापारियों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। जगह-जगह अलग-अलग टैक्स और रिश्वतखोरी की वजह से व्यापारी वर्ग बेहद परेशान रहता था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने व्यापार को आसान और पारदर्शी बनाया है। आज कोई भी व्यापारी बेखौफ होकर कारोबार कर सकता है।*

### ग्राहकों को सीधा लाभ

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मार्केट में आये ग्राहकों से भी संवाद किया। ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी में बदलाव का लाभ उन्हें मिल रहा है। दुकानदार मार्केट में सामान नई दरों के हिसाब से ही दे रहे हैं। ग्राहकों ने भी कहा कि जीएसटी स्लैब्स में बदलाव का सीधा असर उनके बजट पर दिख रहा है। रोज़मर्रा की जरूरतों का सामान अब पहले की तुलना में किफायती हो गया है। सरकार का यह कदम निश्चित रूप से आमजन के लिए लाभदायक है।

## मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने संभाली कुर्सी

*पूर्व मंत्री ने करवाया पदभार ग्रहण*



अंबाला। चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को कुर्सी पर बिठाते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

**अंबाला।** अंबाला शहर की मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन जसविंदर सिंह उगाडा और वाइस चेयरमैन गुलशन कालड़ा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के साथ दोनों पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करवाया। अनाज मंडी में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल व चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का कार्यकर्ताओं और किसानों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल को नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया और नियुक्तियों के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा अपने हर कार्यकर्ता की मेहनत को सम्मान देती है। फिर बात चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करें या मुख्यमंत्री नायब सैनी की। ये सभी नेता बूथ स्तर से उठकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यहां परिवारवाद जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से मंडियों के कामकाज में और तेजी आएगी व मंडियों की व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जसविंदर सिंह उगाडा और गुलशन कालड़ा मंडी व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

■ नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया

## सड़क किनारे खड़े ट्रक को मारी टक्कर, चालक ने तोड़ा दम

*स्टेयरिंग व सीट के बीच में फंसा चालक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर सोमवार रात सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा सड़क किनारे खराब खड़े दूसरे ट्रक से टकराने से हुआ। तेज रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे से टकराने वाले ट्रक का केबिन पूरी तरह पिचक गया।

ड्राइवर स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया। उसने इसी हालात में दम तोड़ दिया था। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत एक हाइड्रा मशीन बुलवाई, जिसकी मदद से ट्रक के केबिन को काटा गया। इसके बाद ड्राइवर के शव को बाहर निकाला जा सका। पुलिस के मुताबिक, अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर घटना रात करीब 12 बजकर 33 मिनट की है। काले पुल के ऊपर मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास एक ट्रक खराब हो गया था। उसके ड्राइवर ने ट्रक को सड़क के एक साइड में लगा कर खड़ा दिया था। खुद उतरकर मिस्त्री का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर मारने वाले ट्रक का आगे का केबिन पूरी तरह पिचक गया। इसका ड्राइवर स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया। हादसे के बाद तुरंत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ड्राइवर इसी हालात में फंसा हुए दम तोड़ चुका था।

■ हाइड्रा के जरिए ट्रक के कैबिन को काटकर निकाला शव

### सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी जेल भेजे

**पानीपत।** महिला का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी महिला यू-ट्यूबर सहित चार आरोपियों अमनदीप उर्फ अमन निवासी गांव भालसी जिला पानीपत, करनाल के गांव डाचर का मूल व हाल निवासी हुडा सेक्टर-छह, पानीपत अश्वनी, झज्जर के गांव कासनी निवासी मोनू व पत्रकार किरण को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पीडित महिला की शिकायत पर आरोपी किरण, अमनदीप, अश्वनी, मोनू पर थाना सदर में केस दर्ज है।

## पुलिस को देखकर भाग रहे स्नैचरों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, दोनों घायल

*दोनों स्नैचरों को अस्पताल में करवाया भर्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुलिस टीम को देखकर भाग रहे स्नेचरों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दोनों स्नेचर घायल हो गए। जिला अपराध अन्वेक्षण शाखा की टीम ने दोनों स्नेचरों को काबू कर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

जहां उनका इलाज चल रहा है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी स्नेचरों ने जिले में कई वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस टीम गांव कैल के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि दो युवक नव निर्मित हाईवे पर बाइक पर घूम रहे हैं। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां घूम रहे बाइक सवार युवकों को रूकने का इशारा किया तो आरोपी युवक तेज गति से बाइक भगाने लगे। जब पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तो आरोपियों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। पुलिस टीम ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। घायल अवस्था में दोनों को शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमादलपुर निवासी फिरोज और आशिक के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी कई अपराधिक वारदातों में संलिप्त रह चुके हैं।



यमुनानगर के सिविल अस्पताल में घायल स्नेचरों को इलाज के लिए ले जाती पुलिस टीम।

### जांचा जाएगा रिकार्ड

इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम लगातार ऐसे शातिर बदमाशों की तलाश में जुटी रहती है। जिले में आम लोगों की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इनके आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच की जाएगी।

## पानीपत रिफाइनरी को मिला सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री का पुरस्कार

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स को श्रम विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण पुरस्कार 2024 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने यह सम्मान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज, राव नरवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पीआरपीसी के ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अशुतोष पांडे, सीईएसएम (फैक्ट्री मैनेजर) भी उपस्थित थे। वहीं, पीआरपीसी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बड़े कारखाना प्रतिष्ठान श्रेणी में तीन प्रमुख खंडों सुरक्षा पुरस्कार सबसे लंबी दुर्घटनामुक्त अवधि और न्यूनतम दुर्घटना आवृत्ति दर हेतु, कल्याण पुरस्कार सर्वोत्तम कार्य स्थितियों, कैंटीन, शिशु सदन (क्रेच) सुविधाएं, खेलकूद सुविधाएं तथा कारखाना परिसर में पर्यावरण प्रबंधन हेतु, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय प्राथमिक उपचार व्यवस्था तथा व्यावसायिक रोगों की रोकथाम हेतु उठाए गए कदम। वहीं पीआरपीसी ने विश्व विख्यात कंपनियों को पीछे छोडते हुए यह गौरवशाली पुरस्कार अपने नाम किया।




पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी से सर्वश्रेष्ठ फैक्ट्री का पुरस्कार ग्रहण करते हुए एमएल डहरिया। फोटो : हरिभूमि

### अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन कर व्रत खोला

**तरावड़ी।** नवरात्रि की समाप्ति पर आज अष्टमी के दिन लोगों ने घरों में कन्याओं की पूजा कर अपने व्रत खोले। नवरात्रों की पूजा बिना कन्याओं की पूजा के पूरी नहीं मानी जाती। इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का एक अलग ही महत्व होता है। वहीं इस दिन कन्याओं के महत्व को भी भली-भांति समझा जा सकता है। कन्या होती है देवी का रूप, आज उसी रूप के दीदार के लिए लोगों की आंखें तक तरस गई। देवी के भक्त कंजकों को पूजने के लिए ढूंढते रहे।

## वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस से मिलेगी सुविधा

■ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर बस स्टैंड से वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लोगों की मांग पर कस्बा के बस स्टैंड पर रादौर से यमुनानगर के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि यह बस रादौर से रोजाना सुबह 9 बजे रवाना होकर यमुनानगर पहुंचेगी। इसके बाद यह बस रोजाना दिन में कई चक्कर लगाएगी। इस बस के चलने से लोगों को को बेहतर व आरामदायक परिवहन सुविधा मिलेगी। रादौर से यमुनानगर के लिए बस सेवा से क्षेत्र के विद्यार्थियों को सबसे अधिक सुविधा मिलेगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों के चलने से प्रदूषण में कमी आएगी।



रादौर। वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कृषिमंत्री राणा।

## राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में रखे विचार

# स्वदेशी उत्पाद अपनाकर देश को बनाएं आत्मनिर्भर

■ युवाओं को अपने देश में ही रोजगार मिल सकेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी यमुनानगर द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में मंगलवार को प्रबुद्धजन सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लिया।

वहीं, विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।




यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का अर्थ है एक ऐसा भारत जो अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न हो। बल्कि अपनी क्षमताओं और संसाधनों का उपयोग करके अपनी जरूरतों को पूरा कर सके। स्वदेशी अपनाओ का अर्थ है भारतीय उत्पादों और सेवाओं को अपनाना और उनका समर्थन करना। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत से देश का आर्थिक विकास होगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### अर्थव्यवस्था सुधरेगी

स्वदेशी अपनाओ से भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और देश के उत्पादों और सेवाओं की मांग बढ़ेगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमें भारतीय उत्पादों का समर्थन करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। हमें स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें समर्थन करना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने से हमारे देश भारत का विकास होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हमें आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के लिए कदम उठाने चाहिएं।

### बैंक खाता बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने बैंक खाते बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने बैंक खाते बेचने के मामले में हर्षदीप वासी पेहवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सुमित मसीह वासी पेहवा ने बताया कि वह पेहवा में दुकान पर काम करता है। उसने अपने एक जानकर हर्षदीप को कुछ समय पहले बताया था कि वह विदेश जाना चाहता है। कुछ समय बाद आरोपी उसके पास आया और उससे कहा कि वह विदेश जाने के लिए लोन करवा देगा। जिसके लिए उसको बैंक खाता खुलवाना पड़ेगा। जिसके बाद उसने आरोपी के बताए अनुसार बैंक खाता खुलवा लिया जिसकी पासबुक, चैक बुक व एटीएम आरोपी ने अपने पास रख ली।

## फैक्ट्री का मुनीम साढ़े 10 लाख रुपये लेकर फरार

■ फैक्ट्री मालिक ने पुलिस में दी आरोपी के खिलाफ शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित फैक्ट्री से बैंक में रुपये जमा करवाने गया मुनीम साढ़े 10 लाख रुपये व बाइक लेकर फरार हो गया। जब मुनीम का कुछ भी पता नहीं चला तो फैक्ट्री मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की मॉडल कॉलोनी निवासी अश्वनी कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के इंडस्ट्रीयल एरिया में इंटरनेशनल के नाम से फैक्ट्री है। उसने जगाधरी की शांति कॉलोनी निवासी जोगिंद्र सिंह को फैक्ट्री में मुनीम लगाया हुआ है। 29 सितंबर को उसने जोगिंद्र को साढ़े 10 लाख रुपये बैंक में जमा करवाने के लिए दिए थे। जोगिंद्र अपनी बाइक पर पैसे लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए चला गया। मगर उसने यह पैसे बैंक में जमा नहीं करवाए। इसके बाद वह फैक्ट्री में भी नहीं आया। जब उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो वह बंद मिला। उसने आरोप लगाया जोगिंद्र रुपये हड़पने की नियत से फरार हुआ है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### अश्वनी चौधरी ने किया रामलीला का उद्घाटन

**घरौंडा।** श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के अंतर्गत बाली वध का प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अश्विनी चौधरी व समाजसेवी रोबिन मईकल ने परंपरा के अनुसार फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

### जैन स्कूल की छात्रा दो लाख से भरा बैग लौटाया

**करनाल।** जैन पब्लिक स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा कुमारी सब्नूर मिर्ज़ा ने स्कूल जाते समय रास्ते में 2 लाख रुपये से अधिक की राशि भरा बैग पाया। उसने पैसों को अपने पास नहीं रखा और तुरंत स्कूल में जाकर प्रिंसिपल को सूचित किया। स्कूल प्रिंसिपल ने बैग के वास्तविक मालिक, सरदार करमजीत सिंह संधू, को बुलाया। सब्नूर मिर्ज़ा की ईमानदारी से सभी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा पूज्य संत पियूष जैन महाराज, माता-पिता और स्कूल प्राचार्य से मिली है।



### सड़क सुरक्षा पर एडीसी ने दिए सख्त निर्देश

**करनाल।** एडीसी सोनू भट्ट ने जिला सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एसडीएम असंध राहुल, एसडीएम इंद्री अशोक मुंजाल, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, आरटीए विजय देशवाल और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पिछले 14 एजेंडों में से 7 कार्य पूरे होने की जानकारी दी गई और शेष कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस और आरटीए वसूला 1.23 करोड़ जुर्माना

**करनाल।** पुलिस और आरटीए ने अगस्त माह में यातायात उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने कुल 38,201 चालान काटे और 64,24,800 रुपये का जुर्माना वसूला। आरटीए ने 378 चालान काटकर 1,23,46,550 रुपये वसूला। पुलिस ने ओवर स्पीड, बिना हेलमेट, नशे में वाहन चलाने, बिना आरसी, बिना लाइसेंस, गलत पार्किंग, लाल बत्ती उल्लंघन और प्रदूषण नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की। आईडीटीआर प्रशिक्षण में 561 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें 503 ने प्रशिक्षण पूरा किया।

### कार्यक्रम में बच्चों ने नशा न करने की ली शपथ

**घरौंडा।** सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीपुर खालसा में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य प्रवक्ता सरपंच विशाल शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सैनी ने बच्चों को बताया कि नशा सबसे पहले हम अपने परिवार और दोस्तों से सीखते हैं कई बार स्टेट्स सिंबल के लिए हम इसके आदि हो जाते हैं फिर धीरे धीरे इसकी गिरफ्त में आकर हमारा जीवन ही बर्बाद हो जाता है

### उत्तराखंड सभा करनाल का चुनाव दोबारा कराने का आदेश जारी

**करनाल।** स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटीज हरियाणा (चंडीगढ़) ने



उत्तराखंड सभा जिला करनाल के चुनाव मामले में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार, द डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार, फार्मर्स एंड सोसाइटीज करनाल द्वारा पहले जारी किए गए आदेश सही हैं और चुनाव दोबारा कराना अनिवार्य है। धीरज सिंह रावत निवासी वसंत विहार ने पिछली प्रक्रिया में धांधली की शिकायत की थी।

# आत्मनिर्भरता: करनाल की स्वदेशी लड़ियां मंदिरों से महलों तक चमकी, विदेशी लड़ियों पर भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के सेवा श्री आश्रम में तैयार की जा रही स्वदेशी लड़ियां अब विदेशी लड़ियों पर भारी पड़ रही हैं। छह वर्ष पहले जब यह प्रकल्प शुरू हुआ था, तब केवल 11 महिलाएँ जुड़ी थीं और एक दिन में मुश्किल से दो लड़ियां बन पाती थीं। लेकिन आज हालात बदल गए हैं। इस प्रकल्प से लगभग 1100 महिलाएं जुड़ चुकी हैं और अब तक 30 से 35 हजार लड़ियां तैयार की जा चुकी हैं। इन लड़ियों की मांग हरियाणा से निकलकर दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र तक फैल चुकी है। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सजावट के लिए भी करनाल की स्वदेशी लड़ियों का प्रयोग किया गया, जिसने महिलाओं के हौसले और बढ़ा दिए। इस अवसर पर स्वामी जी ने कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर हर व्यक्ति को उपहार स्वरूप स्वदेशी लड़ियों को अपनाना चाहिए।

**मुख्य बिंदु**

- ▶▶| 6 साल पहले 11 महिलाओं से हुई शुरुआत, आज 1100 महिलाएँ जुड़ीं अब तक 30–35 हजार स्वदेशी लड़िकयां तैयार
- ▶▶| अयोध्या श्रीराम मंदिर से लेकर 10+ राज्यों में धूम
- ▶▶| महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, लाखों की आय अर्जित
- ▶▶| प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहना, टिकाऊ और रिपेयर योग्य उत्पाद विदेशों तक पहुँची मांग, समाज की सोच में बदलाव
- ▶▶| भविष्य में राष्ट्रपति भवन और संसद भवन तक पहुँचने की उम्मीद

## करनाल की महिलाओं की मेहनत से आत्मनिर्भरता की बनीं मिसाल



**भविष्य की संभावनाएँ**

जिला प्रमुख विपिन अरोड़ा ने कहा कि यदि सरकार, नगर निगम और मंत्रालय स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग प्राथमिकता से करें, तो यह प्रकल्प और बड़ा रूप ले सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में ये स्वदेशी लड़ियां राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और इंडिया गेट की शोभा भी बढ़ा सकती हैं।

**महिलाओं की आत्मनिर्भरता की कहानी**

कविता, पारुल, सुमन, पूनम, शीला, रानी, रीना और रीटा जैसी महिलाएँ बताती हैं कि पहले वे अपने पति पर निर्भर थीं, लेकिन अब स्वदेशी लड़ियों ने उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया है। वे आश्रम से सामान लेकर घर पर लड़ियां तैयार करती हैं और परिवार के सहयोग से लाखों रुपये की आय अर्जित कर चुकी हैं।

**प्रधानमंत्री ने भी की सराहना**

सेवा भारती के कोषाध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इस प्रयास की सराहना की है। उनका कहना है कि ये लड़ियां छह साल तक सुरक्षित रहती हैं, इन पर बारिश, धूप या आंधी का कोई असर नहीं होता और आवश्यकता पड़ने पर रिपेयर भी की जा सकती हैं।

**स्वदेशी बनाम विदेशी की जंग**

सेवा भारती के प्रांत पदाधिकारी सुरेंद्र गोयल ने कहा कि शुरुआत में विदेशी लड़ियों से मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण था। समाज को समझाना कठिन था, लेकिन आज स्वदेशी लड़ियां एक मजबूत विकल्प बन चुकी हैं। यहाँ तक कि विदेशों से भी बच्चों द्वारा इन्हें मंगवाया जा रहा है।

**समाज की सोच में बदलाव**

राममेहर ने कहा कि स्वदेशी लड़ियों ने "यूज एंड थ्रो" संस्कृति को बदलने का काम किया है। खराब होने पर भी इन्हें रिपेयर कर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यही कारण है कि प्रदेश के कई स्कूल, कॉलेज और विवि भी सजावट के लिए इन्हीं लड़ियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### एसडीएम राजेश सोनी ने घरौंडा अनाज मंडी का दौरा कर लिया जायजा

# मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने के आदेश का अंदर खाने विरोध शुरू

- धान और बाजरा की खरीद में पारदर्शिता की उठाई मांग
- अनाज मंडी करनाल में तीन घंटे तक किया धरना-प्रदर्शन

प्रदेश सरकार द्वारा धान की खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए सभी मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन यह आदेश मंडी के आढ़तियों और मजदूरों को रास नहीं आ रह जिसके विरोध की अंदर खाने सुगबुगाहट सुनाई देने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

प्रदेश सरकार द्वारा धान की खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए सभी मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन यह आदेश मंडी के आढ़तियों और मजदूरों को रास नहीं आ रहे। सरकारी अधिकारियों के समक्ष आढ़ती कांटे लगाने की हामी भरते हैं, वहीं भीतरखाते इसका विरोध भी शुरू हो गया है। मंगलवार को एसडीएम राजेश सोनी ने घरौंडा अनाज मंडी का दौरा कर पीआर धान की खरीद की स्थिति का जायजा लिया और आढ़तियों व किसानों के साथ बैठक कर समस्याओं को सुना। बैठक के दौरान एसडीएम ने मंडी में जल्द से जल्द डिजिटल कांटे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे धान खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को सही मूल्य सुनिश्चित हो सकेगा। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में धान की खरीद व उठान की गति तेज होगी। वहीं, किसानों ने शिकायत की कि 22 सितंबर से शुरू हुई सरकारी खरीद अभी तक पटरी पर नहीं आ सकी है। खरीद शुरू होने के नौ दिन बीत जाने के बावजूद परचेज का आंकड़ा 15 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया।



**मंडी का विधायक ने किया औचक निरीक्षण**

**करनाल।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने मंडी का औचक निरीक्षण किया और किसानों व आढ़तियों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान मंडी की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पीने के पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि एमएसपी पर ही खरीद हो और सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इस दौरान ये रहे मौजूद सतीश शर्मा चेयरमैन, जुंडला मंडी, रमेश कुमार मैसी, वाइस चेयरमैन, संजय राणा जिला उपाध्यक्ष, सुमन नरवाल जिला सचिव, सुलेंद्र कादियान जुंडला मंडल अध्यक्ष, हिमांशु छाबड़ा असंध मंडल अध्यक्ष, सतीश दादूपुर चिड़ाव ब्लॉक समिति चेयरमैन, यादविंदर आहूजा पूर्व मंडल अध्यक्ष,राहुल बीड माजरा मंडल महामंत्री,सतपाल जैन, आदि रहे।



### किसान आंदोलन: करनाल अनाज मंडी में डिजिटल कांटे की मांग

**करनाल।** धान और बाजरा की खरीद में पारदर्शिता की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने अनाज मंडी करनाल में तीन घंटे तक मार्केट कमेटी के मुख्य गेट बंद कर धरना दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन और वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रतनमान भी मौजूद रहे। मंडी सचिव आशा रानी और डी.एम.ई.ओ ईश्वर सिंह राणा ने किसानों को लिखित आश्वासन दिया कि 8 दिनों के भीतर सभी आढ़तियों की दुकानों पर डिजिटल कांटे लगवा दिए जाएंगे।

**धरने पर ये रहे मौजूद**

सुरेंद्र सिंह घुम्मन (जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन) प्रेमचंद शाहपुर (वरिष्ठ किसान नेता) रतनमान (प्रदेश अध्यक्ष) आशा रानी (मंडी सचिव) ईश्वर सिंह राणा (डी.एम.ई.ओ) आदि समेत काफी संख्या में मौजूद रहे।

### पढ़ाया सत्य-अहिंसा का पाठ

## टीचर्स-पैरेंटस ने मिलकर दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि



**तरावड़ी।** एसएमएस स्कूल में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि देते हुए।

- कार्यक्रम को शुभारंभ प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन किया गया जिसमें गांधी जयंती के अवसर पर अभिभावकों ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभी ने उनके सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक और अभिभावकों , विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके की । अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संस्कार और नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, ऐसे कार्यक्रम हमें गांधीजी के शाश्वत आदर्शों से जोड़ते हैं। यह आवश्यक है कि हम केवल उन्हें याद ही न करें, बल्कि उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में भी अपनाएँ। उन्होंने बच्चों को बापू जी की महानता और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने अहिसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि हम सभी गांधीजी के आदर्शों को अपने आचरण में उतारेंगे और नई पीढ़ी को शांति व सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

## महापौर रेनू ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- स्वच्छता अभियान में भागीदारी और सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने की नागरिकों से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** नगर निगम कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनती महापौर रेनूबाला गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए जन सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर त्वरित समाधान करवाया। इस अवसर पर वार्ड 4 के पार्षद भूपेन्द्र नोतना और वार्ड 11 के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी गिन्नी विर्क भी मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का शीघ्र निवारण किया जाए और शहर की सफाई, सड़क गड्ढे.भरना, सीवरेज, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं सुनीं।

**शिकायतकर्ता अपना फोन नं दर्ज करवाएं**

महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे शिकायतें लिखित रूप में लेकर आएँ और मोबाइल नंबर अवश्य दें, ताकि फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान और सेवा पखवाड़ा के तहत शहर में सफाई अभियान और जन जागरूकता गतिविधियां चल रही हैं। शहरवासियों से विशेषकर युवाओं से अपील की गई कि वे अभियान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।

## जुंडला मंडी में विधायक ने नवनियुक्त चेयरमैनों को पदभार करवाया ग्रहण

- विधायक ने नव-नियुक्त चेयरमैनों को मंडी में किसानों के हित की रक्षा करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने जुंडला मंडी में आयोजित समारोह में नवनियुक्त चेयरमैन सुशील शर्मा और रमेश कुमार (मैसी) को पदभार ग्रहण कराया।

उन्होंने नव-नियुक्त चेयरमैनों को मंडी में किसानों के हित सर्वोपरि रखने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त चेयरमैन को पदभार दिलवाया गया और मंडी में पारदर्शिता और किसानों के हितों को लेकर चर्चा की गई । कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की रही भारी भीड़ और उत्साह भी देखने को मिला। इस दौरान योगेन्द्र राणा (असंध विधायक) सुशील शर्मा (चेयरमैन, जुंडला मंडी) रमेश कुमार (मैसी, वाइस चेयरमैन) संजय राणा (जिला उपाध्यक्ष) सुमन नरवाल (जिला सचिव) सुलेंद्र कादियान (जुंडला मंडल अध्यक्ष) हिमांशु छाबड़ा (असंध मंडल अध्यक्ष) सतीश दादूपुर (चिड़ाव ब्लॉक समिति चेयरमैन)यादविंदर आहूजा (पूर्व मंडल अध्यक्ष) राहुल बीड माजरा (मंडल महामंत्री) सतपाल जैन, सुरेंद्र जानी, अमनदीप बालू , बब्बू मंजूरा आदि मौजूद रहे।

## इंद्री में दुर्गा अष्टमी पर्व पर भंडारे का आयोजन



इंद्री। माता मनसा देवी मंदिर इंद्री मे भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री


माता मनसा देवी मंदिर इंद्री मे मंदिर सुधार सभा द्वारा दुर्गा अष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हवन यज्ञ व पूजा-अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद कंजकों का पूजन किया गया। मंदिर में माता के दर्शनों के लिए काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में मत्था टेककर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की दुआ मांगी। मंदिर के पुजारी मोहित शर्मा ने बताया कि नवरात्रों का विशेष महत्व है। मंदिर सुधार सभा के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि नवरात्रों के अवसर पर देवी मंदिर में माता की पूजा विशेष रूप से की जाती है। नवरात्रों के सभी दिनों में सुबह शाम माता की आरती की जाती है और शाम को बाहर से आए कलाकार झांकियों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान करते है । उन्होंने बताया कि देवी मंदिर में हर पर्व बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाता है। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**धर्मक्षेत्र** कथा में लक्ष्मण मूर्छित, राम-रावण का संवाद सजीव वर्णन किया

श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से दोशाला ओढाकर महाराज श्री जी का सम्मान व धन्यवाद किया

# सर्वश्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए अवतार लेते हैं श्रीराम : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**महेंद्रगढ़।** कथा का श्रवण करतीं महिलाएं श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



**महेंद्रगढ़।** कथा के आसन पर मौजूद आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी।

परम लोकोत्तर पुरुष प्रभु श्री राम जी के पावन चरित्र से जन्म मानस को कदम-कदम पर प्रेरणा प्राप्त होती है। लाखों वर्ष के बाद भी हमें ग्रहाय एवं प्रासांगिक लगता है। भगवान श्री राम का उदात्त चरित्र जो मानव मात्र को ऊंचाई की पराकाष्ठा एवं शिखर पर ले जाता है। अयोध्या से पधारे मानस मार्मिक पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने समापन दिवस की कथा मे कहें। श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे डबल चाबी बासमती की सीएमडी श्री मती उषा गोयल ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। सोमवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि इस धरा पर भगवान के अवतरण के अनेक हैं परंतु भक्त की भावना ही अवतार वाद का प्रमुख कारण है। जो परमात्मा सर्व व्यापक ब्रह्म चिन्मय निरंजन और सर्व न्यता को है और घट-घट वासी होकर भी भगत की भावना को देख व षट ऐश्वर्य संपन्न उदारवासी बनाकर अवतार लेने के बाध्य हो जाते हैं। श्री मनु महाराज के द्वारा रचित मनुस्मृति मानव जगत के आचार संहिता पर स्वयं चलकर सर्वश्रेष्ठ समाज का निर्माण के लिये भगवान श्री राम अवतार लेते हैं। माता-पिता की सेवा हमें आज श्री राम कथा के माध्यम से प्राप्त होती है।

**गणमान्य लोगों को दिए स्मृति चिन्ह**

इस अवसर पर कथा में लाला साधू राम सिंगला, सरंक्षक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा, राकेश गर्ग, शीशपाल गुप्ता, देवेन्द्र कामरा, संजय सिंगला, प. मोहन लाल, वीरेन्द्र बंसल, अशोक गोयल, प्रमोद सिंगला, हंसराज पाहुजा, राकेश गोयल, मदन सचदेवा, नरेश गाबा पार्षद, अनिल सिंगला, संजय गाबा, अशोक लूथरा, योगेश सरदाना, नरेश अरोड़ा, विपिन छाबड़ा, यशपाल शर्मा, भीम सचदेवा, सरोज बाला, रेणू बाला, कविता, नीलम खुराना, गायत्री देवी सहित शहर के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव जौन्धन कलां सहित कई गांवों के किसान पोर्टल संबंधी समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय इसराना पहुंचे। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को अपनी शिकायतें बताईं। उनका आरोप था कि धान खरीद के लिए उनका पंजीकरण सत्यापित नहीं हो रहा है, जिससे उन्हें अपनी फसल बेचने में दिक्कत आ रही है। इधर, एसडीएम नवदीप नैन ने किसानों की समस्या का हल करवाया।

### ग्लोबल युवा महोत्सव दो से सात तक

**पानीपत।** गांधी ग्लोबल फैमिली, नेशनल यूथ प्रोजेक्ट और संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दो से सात अक्टूबर तक संत निरंकारी भवन परिसर, असंध रोड पानीपत में ग्लोबल युवा महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें देश व विदेश के प्रतिभागी शिरकत करेंगे। यह आयोजन युवाओं में गांधीवादी मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और वैश्विक भाईचारे की भावना को मजबूत करने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास साबित होगा।

### समझदार लोगों से करें मित्रता

**समालखा।** नई जैन स्थानक में उपेन्द्र मुनि ने अपने प्रवचनों में कहा कि मुर्ख मित्र न किजिए। एक कहावत है जिसका अर्थ है कि मूर्ख व्यक्ति को दोस्त बनाना नहीं चाहिए, क्योंकि एक बुद्धिमान शत्रु की तुलना में मूर्ख मित्र से अधिक नुकसान हो सकता है। समझदार मित्र सदा सहयोग करता है।

### जजपा के प्रदेश सचिव बने सचिन

**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी ने सचिन पंवार एडवोकेट चन्दौली को हरियाणा का पार्टी की युवा विंग प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। वहीं, सचिन का जजपा नेता शेर सिंह खर्ब एडवोकेट, रामनरेश त्यागी, हिमांशु मिटान, मनोज जौरासी, अजय पंवार, सन्दीप मलिक, विकास घनघस, मोहित नरवाल, गौरव गुर्जर, रिया चुघ, रोजी जुनेजा, सुनंदा भगत, मुकेश, नेहा खन्ना, ललित लूथरा, कर्मवीर खर्ब जसपिन्द्र कौर आदि ने मिठाई खिला कर स्वागत किया।

### सत्संग समारोह आयोजित

**पानीपत।** श्री सतगुरु रामरतन साहेब स्मृति में श्री सतगुरु रामरतन पारब्रह्म दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल की अध्यक्षता में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। वहीं, सत्संग समारोह का समापन बीतक साहेब परायण की पूर्णाहुति, आरती और विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम में नत्थन सिंह पाल, बृजमोहन त्यागी, सत्य कुमार पांचाल, सुनील त्यागी, कुसुम धीमान, चित्रा त्यागी, सपना पांचाल,आदि उपस्थित रहे।

### मां के जागरण में झूमे श्रद्धालु

**पानीपत।** नवरात्रों के पावन अवसर पर नूरवाना के विजय नगर वासियों द्वारा विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पानीपत ग्रामीण विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने माता रानी की ज्योत प्रज्वलित कर किया।

### दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह में स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हास्य नाटिका रामपुर की रामलीला का बहुत ही रोचक ढंग से मंचन कर सभी को लोटपोट कर दिया।

### परली नहीं जलाने की चेतावनी

**पानीपत।** उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने कहा कि धान की फसल कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (फाने) जलाना न सिर्फ एक दंडनीय अपराध है, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने व कार्रवाई करने के लिए प्रशासन द्वारा ब्लॉक स्तर पर टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों द्वारा जिला में किसानों व आमजन को फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

---

### कमर्शियल ट्रैक्टर को किया जाएगा इंपाउंड

# ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए पानीपत में रिंग रोड जरूरी : दहिया



**पानीपत।** जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में शिरकत करते हुए उपायुक्त व पुलिस कप्तान। फोटो :हरिभूमि

■ पुलिस अधीक्षक ने जीटी रोड पर अवैध तरीके से खडे किए जाने वाले वाहनों के तेजी से चालान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला रोड सेफ्टी कमेटी और सुरक्षित वाहन स्कूल पॉलिसी की बैठक हुई। जिसमें 15 सूत्रीय एजेंडे पर गंभीरता से चर्चा करते हुए शहर को साफ-सुथरा और ट्रैफिक जाम मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। इधर, डीसी दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, और अवैध पार्किंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। बैठक में पानीपत में रिंग रोड निर्माण के प्रस्ताव को एनएच-44 के अधिकारियों के माध्यम से उच्च स्तर पर भेजने के निर्देश शामिल थे। यह रिंग रोड शहर के अंदर ट्रैफिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से प्रस्तावित की जा रही है। डीसी दहिया ने ओड-ईवन नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। कमर्शियल उपयोग में लाए जाने वाले ट्रैक्टर व ट्रालियों पर सख्त कार्रवाइ के आदेश दिए गए। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जीटी रोड पर अवैध तरीके से खडे किए जाने वाले वाहनों के तेजी से चालान करने के निर्देश दिए है। वहीं, शहर के मुख्य बाजारों में रात्रि आठ से सुबह दस बजे तक बैरियर लगाने के लिए निर्देश दिए गए है। बैठक में वाहन पार्किंग शुल्क बढाने पर चर्चा हुई।

# भारत की सांस्कृतिक धरोहर है श्री राम लीलाः डॉ. पंवार

■ श्रीराम मर्यादा में रह कर व सत्य के मार्ग पर चल ही विजय हासिल करते है


**पानीपत।** रामलीला कला संगम समिति की रामलीला का शुभारंभ करते डॉ. ओमवीर पंवार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के वार्ड आठ की डाबर कॉलोनी में रामलीला कला संगम समिति की ओर से रामलीला का मंचन चल रहा है वहीं रामलीला में अतिथि के तौर पर डॉ. ओमवीर सिंह पंवार ने शिरकत की। डॉ. पंवार ने कहा कि रामलीला मंचन धार्मिक आयोजन होने के साथ साथ भारतीय संस्कृति की महत्त्वपूर्ण धरोहर है। जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम मर्यादा में रह कर व सत्य के मार्ग पर चल ही विजय हासिल करते है ऐसी प्रेरणा रामलीला मंचन के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को मिलती है। इस अवसर समिति सदस्य राजेंद्र कादियान, प्रमोद कटारिया, प्रवेश कादियान, बबल कटारिया, शिवचरण राणा, नसीब राणा, बलिंद्र पोडवाल, जोगिंदर सैनी, राजकुमार कटारिया, विकास कुमार, बबलू कश्यप, प्रदीप कुमार समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रशासन की बैंकों को सख्त चेतावनी

■ यदि किसी बैंक द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उसे भविष्य में ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में बैंकों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में विभिन्न योजनाओं और लाभार्थियों से जुड़े मामलों में बैंकों की पेंडेंसी की समीक्षा करना था।

उपायुक्त ने इस बैठक में सभी बैंकों की कार्यप्रणाली पर पैनी नजर डाली और पेंडेंसी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए बैंकों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बैंक द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उसे भविष्य में ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है, उसका लेनदेन बंद किया जा सकता है।

# पशु पालन कर अपनी आय बढ़ाएं ग्रामीण


**पानीपत।** गांव चंदौली में किसानों को जागरूक करते हुए डॉ. योगिता रानोलिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सेवा पखवाड़ा के तहत गांव चंदौली में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पखवाड़ा के नोडल अधिकारी डा. संजय अंतिल उपनिदेशक के मार्ग दर्शन पर ग्रामीणों को पशु पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें डा.योगिता रानोलिया पशु चिकित्सक ने ग्रामीणों को देसी नस्लों के संरक्षण व विकास से संबंधित जानकारी दी। इसके अतिरिक्त आहार, कृत्रिम गर्भाधान, दूध उत्पादन में बढ़ोतरी के उपाय व रोग बचाओ जैसे सुरक्षा के उपाय बताए गए। कैंप के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से सुरेंद्र चोपड़ा, रवि दत्त, कृषि विभाग से कृष्ण लाल और प्रताप सिंह, मामन, विक्की, अशोक, रणबीर, आदि पशुपालक उपस्थित रहे।

# एसडी कॉलेज बना कुरुक्षेत्र विवि कबड्डी चैंपियन

■ विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता कबड्डी खिलाडी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप जीतकर न सिर्फ कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया बल्कि जीत के इस कारनामे को पांच वर्षों में चौथी बार अंजाम देकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। यह टूर्नामेंट हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुआ। विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो.रेखा, कोच अंकुश मलिक व सुरेश और ग्राउंड्स मैन प्रताप ने किया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने बताया कि कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम ने कप्तान अभिषेक की अगुआई में लक्ष्य, मंजीत आदि खिलाडिय़ों के शानदार खेल के बूते पर सभी मैचों में एक तरफा जीत हासिल कर इस मुकाम को प्राप्त किया। सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इस टीम के तीन खिलाड़ियों का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हो गया है।

# विश्व के प्राचीनतम खेलों में से एक है कबड्डी : डॉ. गुप्ता


पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी।

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कबड्डी नेशनल स्टाइल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं, प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को देते हुए कहा कि कबड्डी विश्व का प्राचीन खेल है। वहीं, आर्य कॉलेज के छह विद्यार्थियों साहिल गुलिया, विनय सांगवान, दीपक मलिक, अजय गुलिया, आर्यन गुलिया और वंश सांगवान का चयन हुआ हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, अनूप गुलिया, सुनील पहल, रजनी आदि उपस्थित रहे।

# कन्या पूजन कर अष्टमी पर्व मनाया

■ श्रद्धालुओं ने कन्याओं को अपनी सामर्थ अनुसार दानपुण्य किया


**पानीपत।** श्री दुर्गा अष्टमी पर्व पर आईबी कॉलेज में पूजन करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर श्री दुर्गा अष्टमी पर्व मनाया। वहीं श्रद्धालुओं ने कन्याओं को अपनी सामर्थ अनुसार दानपुण्य किया और उन्हें भोजन करवा कर आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर, आईबी कॉलेज में नवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा श्री दुर्गा अष्टमी पूजन व यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के जयकारों और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह यजमान रहे। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जा रहा है। वहीं, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी भारतीय परंपरा को सशक्त बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, एकता और संस्कारों की भावना भी विकसित करते हैं।

# महिला कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास किया, नारी शक्ति को लाभ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए शिक्षाविद् चौधरी रणवीरसिंहमार।

नगर निगम के वार्ड 23 में महिला कम्युनिटी सेंटर के निर्माण को शिलान्यास विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, पार्षद अनिल मदान, समाजसेवी व शिक्षाविद् चौधरी रणवीर सिंहमार ने किया। वहीं, विधायक विज ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पानीपत शहरी विधानसभा का तेजी से विकास हो रहा है। वहीं विकास कार्यों में गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जा रहा है। महिला कम्युनिटी सेंटर बनने से नारी शक्ति को काफी लाभ होगा। उन्होंने दावा किया कि विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार मुंह मांगा धन दे रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित, योगेश, चांद, पार्षद रॉकी गहलोत, हेमंत आदि उपस्थित रहे।

# सीएम विडों के इमिनेंट पर्सन बने कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मंगलवार को नव नियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे


**पानीपत।** उपायुक्त वीरेंद्र दहिया, आरडी कल्याण, आदि को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत जिले में सीएम विंडो की शिकायतों के समाधान के लिए इमिनेनंट पर्सन (समाज का प्रतिष्ठित व्यक्ति) की नियुक्ति की है। डीसी वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय में मंगलवार को नव नियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे है। समाज सेवी एवं जिला भाजपा के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष आरडी कल्याण को पानीपत ग्रामीण विधानसभा का सीएम विडों का इमिनेनंट पर्सन के पद पर नियुक्त किया गया है। उनके साथ कृष्ण आर्य, गुलशन तलवार, सुदेश कश्यप, सुरेश कादियान व सुरेंद्र जोगी शामिल है। यह सभी सदस्य ऐसी समस्याओं का समाधान करेंगे जो आम आदमी द्वारा सीएम विडों में लगाई गई है।

# अंकित हत्याकांड में पीड़ितों ने दलित आयोग से मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष स. रविंद्र बलियाला को ज्ञापन देते हुए प्राण रत्नाकर।

पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी में वाल्मीकि समाज के अंकित की हत्या के केस में न्याय की गुहार लेकर परिजन आदि, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह बलियाला से मिला। वहीं, वाल्मीकि महासभा के प्रदेश महासचिव प्राण रत्नाकर, सत प्रकाश वैद्य, धीरज सौदा, मृत अंकित के पिता हवा सिंह, मनीष कागड़ा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी आयोग के अध्यक्ष बलियाला को दी। इधर, रत्नाकर ने बताया कि अंकित की हत्या 14 सितंबर को की गई थी। वहीं, हत्याकांड को 16 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

## छात्रों को आर्थिक मदद दी

पानीपत। आईबी कॉलेज में सीतल दास जैन फाउंडेशन के प्रतिनिधि टीपी गोयल, वैशाली जैन और नरेंद्र कुमार ने महाविद्यालय का दौरा किया और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने सीतल दास जैन फाउंडेशन का आभार जताया हुए कहा कि आर्थिक मदद मिलने से विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

## विद्यार्थियों ने मनमोहक सांझी बनाई

**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बड़ौली में लोक कला के संरक्षण हेतु सांझी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कक्षा दसवीं से राधिका, सपना, राखी, सपना ग्रुप ने प्रथम, ख़ुशी शर्मा, वंशिका, लक्ष्मी ग्रुप ने द्वितीय, आर्यन, देव, निशांत व मनीष ग्रुप ने तृतीय पुरस्कार जीता। जबकि कशिश, पूजा, तन्नु को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं, विजेताओं को प्रधानाचार्य ओम सिंह आदि ने पुरस्कृत किया।

## योजनाओं के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिला पानीपत में शुरू किए विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत विभागीय भजन पार्टी ने मंगलवार को गांव डिकाडला, पावटी, बुआना लाखू, पुठर गांवों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया।

## पटाखे नहीं जलाने देगा प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत। आयुक्त नगर निगम डॉ. पंकज यादव ने मंगलवार को जिला सचिवालय में स्थित एडीसी कार्यालय में शहर में बने बैंक्वेट हॉल व मैरिज गार्डन मालिकों व मैनेजरों की बैठक ली। बैठक में आयुक्त नगर निगम ने बैंक्वेट हॉल व मैरिज गार्डन मालिकों व मैनेजरों को हिदायतें दी कि अपने यहां आयोजित होने वाले किसी भी कार्यक्र में पटाखों का प्रयोग न होने दें। नगर निगम द्वारा इस कार्य की निगरानी के लिए टीमें गठित भी की गई हैं।

**खुशी** कांग्रेसियों ने भूपेंद्र हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष व राव नरेंद्र के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनने पर लड्डू बांटे

# जनता के हित के लिए हमेशा संघर्षरत है कांग्रेसः रमेश

हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष बनने और राव नरेंद्र सिंह के प्रदेशाध्यक्ष बनने से प्रदेश में कांग्रेस संगठन मजबूत होगा


**पानीपत।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक व सचिन कुंडू को लड्डू खिलाते हुए कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कांग्रेस विधायक दल का नेता और पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पानीपत जिला के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लाल बत्ती स्थित कांग्रेस भवन में लड्डू बांटकर खुशी मनाई और कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। पानीपत जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक व पानीपत ग्रामीण हलके से प्रत्याशी रहे सचिन कुंडू ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश की जन भावना यहीं थी कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होना चाहिए ताकि प्रदेश की जनता के हकों के आवाज को विधानसभा में बुलंद किया जा सके। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष बनने और राव नरेंद्र सिंह के प्रदेशाध्यक्ष बनने से प्रदेश में कांग्रेस संगठन मजबूत होगा। कांग्रेस जनता के हित के लिए हमेशा संघर्षरत है।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष बठला, दीपक खटखड, सतपाल रोड, मदन मजौका, बलवान वाल्मीकि, प्रियांश मलिक, अरविंद ढांडा, नरेंद्र भिवान, जयकुंवार बिंदल, मुलख राज गुरेजा, सुभाष गिल, विजय जैन भूपेंद्र मलिक, मनीष मलिक, जसबीर जागलान समेत बडी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर को बनाया जा रहा स्किल डेवलपमेंट केंद्र : कर्नल अरूण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर का निरीक्षण करने के लिए रीजनल डाइरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड आंत्रप्रेन्योरशिप हरियाणा एवं यूटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दौरा किया। इस अवसर पर सुशील कुमार अग्रवाल, रीजनल डायरेक्टर तथा यशपाल गर्ग, असिस्टेंट डायरेक्टर ने विशेष रूप से सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में तीन काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज जमीन खरीद-फरोख्त में 35 लाख रूपए धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मोहाली के इंद्रपाल सिंह ने 12 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव ककडमाजरा में 5 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 के दौरान आरोपी गुरमीत सिंह उर्फ गैरी व अन्य लोगों ने उसे लालच देकर जमीन दिलवाने और उसी जमीन को महंगे दामों में बिकवाने के नाम पर उससे 35 लाख रूपये की एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हडपने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 38 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज की कॉमर्स विभागाध्यक्ष सरला सेठी 38 वर्षों की लंबी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क व प्रबंधक कमेटी की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधन समिति और स्टाफ सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### आर्ट इंटीग्रेटेड पेडागॉजी वर्कशॉप आयोजित

**बराड़ा।** डीएवी बराड़ा विद्यालय में हब ऑफ लर्निंग सीबीएसई इंटर हाउस सीबीपी के अंतर्गत आर्ट इंटीग्रेटेड पेडागॉजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एनईपी-2020 के अनुरूप शिक्षा को रचनात्मक, मनोरंजक और बच्चों के भावात्मक, विचारात्मक व संख्यात्मक विकास हेतु उपयोगी बनाना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

### डीएलएसए की एडीआर सेंटर में कार्यशाला

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिबंध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोष एक्ट) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यशाला में जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी भानु द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाया चिकित्सा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, खरकाली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डायरेक्टर जनरल आयुष डॉ. संजीव वर्मा और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सपना शर्मा, फार्मासिस्ट पूनम और योग सहायक प्रदीप ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### दर्शकों का समर्थन मिलने पर शुरू हुई रामलीला

# आठ लोगों ने 'लौटा नून' डाल लिया था रामलीला मंचन का संकल्प

**श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब ने पहले साल सुल्ताना डाकू व शहीद भगत सिंह पर नाटक का किया था शानदार मंचन**

सुभाष शर्मा ▶▶ मुलाना

साल 1978 से शुरू हुई रामलीला का मंचन, देवी मंदिर मैदान में श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा शानदार तरीके से किया जा रहा है। मंगलवार को रामलीला के मंच पर लक्ष्मण व मेघनाथ युद्ध दृश्य प्रस्तुत हुआ। दृश्य में दिखाया गया कि किस प्रकार मेघनाथ ने ब्रह्मस्त्र का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित किया । इस अवसर पर रामलीला मंचन देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद रही। बता दें कि श्रीरामा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला के मंच पर सभी पात्र युवाओं द्वारा निभाए जा रहे है। यहां भगवान श्री रामचंद्र जी की वंदना कर स्टेज का संचालन शुरू किया जाता है । इस क्लब में खास बात है कि यहां दृश्यों के साथ संगीत कार्यक्रम देने वाले ढोलकी वादक व हारमोनियम मास्टर मुस्लिम हैं। यह लोग कई वर्षों से यहां मंच के लिए सेवाएं दे रहे हैं। यह दो धर्मों के प्रेम की भी प्रस्तुति मानी जाती है।



### मेघनाद- लक्ष्मण युद्ध देखने पहुंचे प्रभारी

रामा क्लब मंच पर चल रही रामलीला में मेघनाथ और लक्ष्मण युद्ध का दृश्य वर्षों से खूब पसंद किया जाता है। यहां मेघनाद का किरदार निभाने वाले पवन व लक्ष्मण का किरदार निभाने वाली विकास द्वारा मानो जीवंत मंचन किया गया । कलाकारों ने ऐसे दमदार अभिनय से युद्ध दृश्य प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाते रहे। इस रोमांचक दृश्य को देखने के लिए न केवल आसपास के ग्रामीण बल्कि दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### श्रीरामा क्लब की रामलीला की अनोखी परंपरा

यहां रामलीला का इतिहास काफी पुराना है। साल 1928 से कस्बे में एक रामलीला होती आ रही थी जिसे श्रीकृष्णा क्लब द्वारा आयोजित किया जाता था। साल 1976 तक क्लब में सब कुछ ठीक चलता रहा। साल 1977 में क्लब के सदस्यों में हुई वैचारिक मतभेद के चलते आठ लोग कृष्णा क्लब से अलग हुए और उन्होंने अपनी एक बैठक कर अलग रामलीला मंचन करने का निर्णय लिया। श्रीकृष्णा क्लब से अलग होकर श्री रामा ड्रॉमाटिक क्लब बनाया गया। तब क्लब के पास न तो मैदान था न रामलीला मंचन के लिए कोई सामान। केवल अपने दम पर अलग से रामलीला मंचन करने की चुनौती थी श्रीकृष्णा क्लब से अलग हुए आठ लोगों में मेहर चंद गुलाटी, शामलाल गुप्ता, बनारसी दास, सुशील शर्मा , सरदारी लाल, कृष्ण कबीर, हवेली राम,यशपाल गुप्ता शामिल थे। कृष्ण कुमार कबीर के अनुसार इन सभी आठ लोगों ने मेन बाजार में स्थित अग्रवाल धर्मशाला के ऊपर बैठ कर लौटा नून डाला गया। संकल्प लिया कि चाहें अब कुछ भी हो कितनी ही कठिनाई आए कितना भी दबाव आए वह अलग रामलीला का मंचन कर के ही रहेंगे। हालांकि तब क्लब के पा मंचन के लिए न ही वर्दी थी न अस्त्र शस्त्र थे। फैसला लिए जाने के बाद श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब ने पहले साल सुल्ताना डाकू व शहीद भगत सिंह के जीवन पर नाटक पेश किया। उसे दर्शकों ने खूब पसंद किया । इसके बाद क्लब के कलाकारों का हौसला बढ़ गया। साल 1978 में रामलीला मंचन की बारी आई तो सामान उपलब्ध नहीं था। तब पता चला कि उस वर्ष गांव उपलाना में होने वाली रामलीला किसी कारण से नहीं हो पा रही है । तब उस रामलीला कमेटी से सामान उधार लिया। धर्मशाला में रामलीला का मंचन श्रीरामा ड्रॉमाटिक क्लब द्वारा किया गया। धर्मशाला में दर्शकों की बढ़ती संख्या के चलते साल 1980 से श्रीरामा क्लब ने गांव के रहने वाले रामचंद्र गोसाईं व उन के साथ आए कुछ लोगों के अनुरोध से माता बाला सुंदरी मंदिर पर रामलीला का मंचन शुरू किया गया जो कि अब तक जारी है। क्लब के लिए मास्टर सुशील शर्मा,गुलशन, मेहर गुलाटी, हवेली राम ,सरदारी लाल, कृष्ण कबीर, बनारसी दास,यशपाल गुप्ता ,शामलाल गुप्ता ,रामकिशन राणा, रामेश्वर,रमेश, बाबु राम फौजी का विशेष योगदान रहा। इनमें से अधिकतर चेहरे दुनिया से विदा हो चुके हैं।

### डीसी ने किया विमोचन

# ई-पत्रिका शुरू करने वाला अंबाला राज्य का प्रथम जिला



अंबाला। ई. पत्रिका का विमोचन करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

- कागज रहित होने से पत्रिका पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

निपुण हरियाणा मिशन को गति देने के उद्देश्य से उपायुक्त अजय सिंह तोमर द्वारा डीसी कार्यालय में निपुण टीम अंबाला की द्विमासिक ई-पत्रिका निपुण पथ का डिजिटल विमोचन किया गया। उन्होंने व्हाट्सअप और ई-मेल के माध्यम से इस ई-पत्रिका को जिले के सभी अधिकारियों के साथ सांझा किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर निपुण टीम को ई-पत्रिका निपुण पथ के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी, डीपीसी प्रमोद राणा और उनकी समस्त निपुण टीम के द्वारा ई-पत्रिका को शुरू करने के इस प्रयास से निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम को अंबाला ही नहीं अपितू प्रदेश के बच्चे-बच्चे तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे जल्दी ही जिला और प्रदेश के बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावना बढ़ेगी। इस पत्रिका के कागज़ रहित होने से यह पेड़ बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी।

### पत्रिका को जारी रखने का किया आह्वान

उपायुक्त ने ई-पत्रिका निपुण पथ निपुण हरियाणा मिशन की सराहना करते हुए इसे आगे भी निरंतरता में जारी रखने बारे कहा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पत्रिका में किसी भी स्कूल की बेस्ट प्रेक्टिस के साथ-साथ जिन बच्चों ने परिश्रम करते हुए शिक्षा में बेहतर उपलब्धि हासिल की है उसका भी लेख इसमें सम्मिलत करें ताकि अन्य बच्चों को भी उससे प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने इस पत्रिका को तैयार करने वाले सभी सदस्यों व शिक्षा विभाग को इस कार्य के लिए बधाई देते हुए सराहना भी की। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने इस अवसर पर बताया कि ई-पत्रिका निपुण पथ निपुण हरियाणा मिशन से जुड़े अधिकारियों, अध्यापकों, मेंटरों, बच्चों और उनके अभिभावकों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगी जहां पर ये सब लोग निपुण हरियाणा मिशन के सफल क्रियान्वन के लिए न केवल अपनी भूमिका को पहचान पाएंगे बल्कि जिले में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी अपनी रणनीतियां भी सांझी कर पाएंगे।

# भाषण प्रतियोगिता से दिया नशा मुक्त भारत का संदेश



अंबाला। विजेता छात्र शिक्षकों के साथ।

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. देश राज बाजवा के निर्देश पर इस कार्यक्रम का शुभारंभ वाइस प्रिंसिपल डॉ. अजय चौहान ने किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों व नशा मुक्ति अभियान कमेटी सदस्यों को नशा मुक्त भारत कराने के इस अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए इस प्रयास को सराहा । सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए चौहान ने युवाओं को किसी भी तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम राजोरा एवं आयोजन समिति के सदस्य प्रो नेहा रानी, डॉ. उमा शशि, डॉ. श्रुति सिंह, डॉ. नीलम रानी, डॉ मनजीत कौर प्रो. समीक्षा, डॉ. रितेश प्रो. इंदेश अग्रवाल के विशेष योगदान से किया गया ।

# दो महीने से सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

- 58 कर्मचारियों का आरोप, नियम की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

नगरपालिका में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, स्ट्रीट स्वीपिंग एवं ड्रेन क्लिनिंग तथा सार्वजनिक शौचालयो की सफाई की अलग अलग तीन स्कीमों में 58 ठेका कर्मचारी काम करते हैं। इन सभी कर्मचारियों अगस्त महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला जबकि सितंबर महीना भी ज खत्म हो गया है। ठेकेदार कर्मचारियों का पीएफ काटकर भी जमा नहीं करवा रहे। इसी प्रकार ईएसआई फंड काटा तो जा रहा है। कर्मचारियों के पास कोई प्रमाण नहीं है और न ही कोई सुविधा मिल रही है। सफाई कर्मचारियों के नेता लखमी चंद, बीर सिंह व धर्मवीर ने कहा कि वर्क आर्डर में लिखी शर्तों की तीनो स्कीमों के ठेकेदार सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रशासन एक महीने से लीपापोती कर रहा है। नगरपालिका के सचिव ने कल तक वेतन भुगतान करने का भरोसा दिया है परंतु तीनों स्कीम के कर्मचारियों ने वेतन मिलने तक प्रदर्शन जारी रखने का फैसला किया है।




नारायणगढ़। वेतन को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### ठेकेदार नहीं दे रहे वेतन

कर्मचारियों का अभी तक साल 2023 व 2024 का भी लाखों रुपए का बकाया पेंडिंग है। सीटू के राज्य सचिव सतीश सेठी ने कहा कि नगरपालिका प्रसासन व ठेकेदार मिलकर जंहा सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रहे है वहीं शहरवासियो को सुविधाओ से भी वंचित कर अपनी जेबे भरने में लगे हैं। उन्होंने सिलसिलेवार जानकारी देते हुए कहा कि कूड़ा कलेक्शन का ठेका सालाना 1.17 करोड़ रुपए में स्ट्रीट स्वपिंग व ड्रेन क्लिनिंग का 54.26 लाख रुपए व सात सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई का ठेका 20.40 लाख रुपए सालाना में दिया गया है। हर महीने लाखों रुपए लेने वाले ठेकेदार वर्कर्स को मिलने वाले 11257 रू वेतन भी नहीं दे रहे हैं। जबकि ठेकेदारों से श्रम कानूनों को लागू करवाना सचिव की ड्यूटी है। परंतु कंही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वर्क आर्डर में साफ लिखा है कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करेगा। मगर राजनैतिक सरंक्षण के चलते ठेकेदार मनमानी पर उतरे हुए है। इसलिए सीटू प्रदेश सरकार से मांग करता है कि शोषण व भृष्टाचार की जननी इस ठेका प्रथा को बंद किया जाए। यदि यह काम नगरपापालिका खुद करवाए तो इससे लाखों रुपए की बचत होगी। इस बचत से ही शहर के हर वार्ड में कम से कम दस सफाई कर्मचारी लगाए जा सकते हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान पर विशेष कार्यक्रम

## 177 बार रक्तदान व 86 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके पुलिस अधिकारी

- पिता से मिली प्रेरणा के आधार पर रक्तदान के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं डॉ. अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा सालों से रक्तदान के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं। वे इस समय हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। 1989 से रक्तदान कर रहे डॉ. वर्मा पुलिस बल में वे सर्वोच्च रक्तदाता के रूप में जाने जाते हैं। बिना किसी संस्था और बिना किसी बैनर के वे वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की रक्तदान समिति के सदस्य के रूप में वे राज्यपाल द्वारा बनाए गए थे। वे अब तक 177 बार रक्तदान, 86 बार प्लेटलेट्स और 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। वे प्रदेश के साथ साथ दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में जाकर रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने अब तक बिना किसी संस्था और बैनर के 559 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं। ये शिविर कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, फरीदाबाद और कैथल सहित अनेक शहरों में लगाए हैं। रकतदान शिविरों में 20302 यूनिट खून एकत्रित किया गया।



अंबाला। रक्तदान करते पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- 9 आरोपियों को काबू किया जा चुका

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी मोहम्मद जाकिर को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नबंवर 2024 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पॉवर कंपनी से ट्रक में बैटरियों को लादकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# दिव्यता व पवित्रता आत्मा के मूल गुण

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई दुर्गा अष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दुर्गा अष्टमी पर्व मनाते हुए मां दुर्गा देवी के चैतन्य झांकी का दर्शन कराया गया। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारी देवी बहनों का श्रृंगार किया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने कहा दिव्यता और पवित्रता आत्मा के मूल गुण हैं। उन्हें हम भूल चुके हैं। जब हम अपनी दिव्यता को भूल जाते हैं तो हमारे भीतर काम, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार जैसे अवगुण प्रकट हो जाते हैं।



अंबाला। दुर्गा अष्टमी पर्व पर मां दुर्गा देवी के चैतन्य झांकी के साथ बीके बहनें।

### अवगुणों पर देवत्व की विजय

अगर कोई इसे प्रतीकात्मक रूप से दर्शाना चाहे कि 'देवता ने अवगुणों पर विजय प्राप्त कर ली है' या 'पवित्रता ने अहंकार पर विजय प्राप्त कर ली है तो वे इसे प्रतीकात्मक रूप से कैसे दर्शाएंगे। देवताओं के चरणों के नीचे दर्शाए गए अवगुण या राक्षस, भौतिक रूप से विद्यमान राक्षस नहीं हैं। वे तो बस हमारे भीतर के अवगुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे भीतर ईर्ष्या, घृणा, अस्वीकृति, छल-कपट, नियंत्रण, प्रभुत्व जैसे अवगुणों की सूची बहुत लंबी है। लेकिन चूंकि हमने ध्यान नहीं दिया इसलिए हमने अपने भीतर के दानव रुपी अवगुणों को जगा दिया है। अब समय आ गया है कि हम अपने भीतर के देवत्व का आह्वान करें। उन्होंने कहा कि जब हमारे अवगुण जागृत होते हैं, तो हमारा देवत्व स्वतः ही विलीन हो जाता है। किसी भी समय, संस्कार का केवल एक ही गुण जागृत रह सकता है।

### पूरी-समोसे की दुकान में लगी आग से भारी नुकसान

**अंबाला।** अंबाला सोमवार की देर रात एक दुकान में आग लग गई। शहर के जगाधरी गेट के पास स्थित एक पूरी और समोसे की दुकान देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी दुकान का सामान राख में तब्दील हो गया। घटना के समय दुकान बंद थी और वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात आसपास अचानक दुकान से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। शुरू में लोगों को लगा कि शायद किसी ने कचरा जलाया है लेकिन जब आग ने विकराल रूप ले लिया तो लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आसपास मौजूद लोगों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेज लपटों और धुएं के चलते वे असफल रहे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग इतनी भीषण थी कि यदि समय पर सूचना न मिलती तो आसपास की अन्य दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


### आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़कर जीता था चुनाव

# नपा अध्यक्ष ने 6 माह बाद भाजपा में की वापसी

- भाजपा ने किया था 6 साल के लिए निष्कासित, 6 महीने में फैसला बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

मंगलवार को पूर्व विधायक संतोष सारवान ने नगरपालिका के अध्यक्ष रजत मलिक को भाजपा में दोबारा शामिल करवा दिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। गौरतलब है कि नगरपालिका चुनावों से पूर्व रजत मलिक भाजपा में सक्रिय थे। अध्यक्ष पद के लिए टिकट के प्रबल दावेदार भी थे लेकिन पार्टी ने उस समय हरजिंदर सिंह को टिकट दे दिया। टिकट न मिलने से असंतुष्ट होकर रजत मलिक ने आज़ाद उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। भाजपा प्रत्याशी हरजिंदर सिंह ने भी उसी दिन यानी 17 फरवरी 2025 को नामांकन कर दिया।भाजपा हाईकमान ने इस कदम को पार्टी विरोधी गतिविधि मानते हुए रजत मलिक को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। रजत मलिक के आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर खड़ा होने की वजह से नगरपालिका चुनाव दिलचस्प हो गया।



बराड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष रजत मलिक को भाजपा में शामिल करते प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ।

### लोगों की सेवा ही उद्देश्य

*मेरा उद्देश्य केवल यहां के लोगों की सेवा और विकास कार्यों को गति देना है। भाजपा संगठन और सरकार के सहयोग से बिना किसी भेदभाव के कस्बे के विकास को नई दिशा दी जाएगी। भाजपा को क्षेत्र में ओर मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास निरंतर जारी रखेंगे।*

*-रजत मलिक, अध्यक्ष, नपा, बराड़ा*

### नहीं हो रहा था समुचित विकास

चुनाव जीतने के बाद रजत मलिक लगातार कस्बे में विकास कार्य कराने की कोशिश में जुटे रहे लेकिन भाजपा सरकार का सीधा सहयोग न मिलने से कई योजनाएं अटक गईं। लोगों का मानना है कि सरकार के साथ तालमेल न होने के कारण कस्बे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई।अब क़रीब 6 माह बाद दोबारा भाजपा में लौटने से कस्बावासियों में नई उम्मीदें जगी हैं। लोगों को विश्वास है कि भाजपा से जुड़ने के बाद मलिक को सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। यहां लंबे समय से अटके विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी। क़स्बा वासियों के अनुसार मलिक की वापसी से न सिर्फ भाजपा को मजबूती मिलेगी, बल्कि विपक्ष के लिए भी यह बड़ा झटका साबित हो सकता है। जनता की नज़र अब इस बात पर टिकी है कि रजत मलिक और सरकार के तालमेल से क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार कितनी बढ़ती है। रजत मलिक के भाजपा में शामिल होने पर नपा सदस्य गुरजिंदर कौर, नरिंदर कौर, हरभजन सिंह, विजय राणा, साहिल चावला, विजय छाबड़ा के अलावा हरजिंदर कौर, करण कपूर, सतिंदर जीत सिंह, वैभव सिंगला, नरिंदर सैनी, अमरिंदर सिंह रॉबिन ने प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए कहा कि कस्बे में हो रहे विकास कार्य अब ओर गति से होंगे। इससे लोगों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो पाएगी।